
# बिहार को विकास और सुशासन चाहिए

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने चुनावी सभा में जंगलराज को न लौटाने की बात कही

**सीतामढ़ी, 6 नवंबर. सीतामढ़ी जिले के बथनाहा विधानसभा क्षेत्र में मेजरगंज के मैदान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनडीए प्रत्याशी ई. अनिल कुमार के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया. बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और कार्यकर्ता सभा में मौजूद थे, जिससे चुनावी माहौल को और गर्मा दिया.**



अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने बिहार में विकास, सुशासन और स्थिरता की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे बड़ी संख्या में मतदान कर एनडीए उम्मीदवार को विजयी बनाएं. सभा में उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव पर तीखे राजनीतिक आरोप भी लगाए और बिहार के लोगों को 'जंगलराज' के दिनों को याद रखने और राज्य को उस दौर में लौटने न देने की बात कही. राजनाथ सिंह ने सभा में कहा कि जिनके शासन में अपराध और अराजकता चरम पर थी, वे अब विकास के नाम पर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं. उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभर रहा है.

### सरकार समाज के हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध

रक्षा मंत्री ने बिहार के मतदाताओं से आग्रह किया कि वे एनडीए उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए मतदान करें, ताकि राज्य में विकास और सुशासन सुनिश्चित किया जा सके. उन्होंने कहा कि बिहार को स्थिर सरकार और कुशल प्रशासन की आवश्यकता है और यही एनडीए की प्राथमिकता है. सभा में राजनाथ सिंह ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार समाज के हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने सीमा सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया, जिससे लोगों में सरकार के प्रति विश्वास मजबूत हुआ. स्थानीय कार्यकर्ताओं और आम जनता की भारी उपस्थिति ने सभा के चुनावी महत्व को और बढ़ा दिया.

### अपराधियों को सत्ता का स्वाद नहीं चखने देना चाहिए : योगी

**बेतिया.** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेतिया विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार रेणु देवी के समर्थन में रैली को संबोधित किया. उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि माफिया और अपराधियों को सत्ता का स्वाद न चखने दें. सीएम योगी ने कहा कि बिहार में राजद शासन के दौरान 1990 से 2005 के बीच 60 से अधिक जातीय नरसंहार और 30,000 अपहरण की घटनाएं हुईं.

# नार्को-टेरर में 6 ठिकानों पर छापेमारी

- जम्मू-कश्मीर में ईडी की बड़ी कार्रवाई
- पूर्व मंत्री बाबू सिंह के घर की भी तलाशी

**नई दिल्ली, 06 नवंबर. जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नार्को-टेरर फंडिंग नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की. टीम ने सुबह तड़के जम्मू और कश्मीर दोनों हिस्सों में एक साथ 6 ठिकानों पर छापेमारी की. इनमें जम्मू के 2 और कश्मीर घाटी के 4 स्थान शामिल हैं.**

इस दौरान टीम ने पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक जतिंदर सिंह उर्फ बाबू सिंह के कठुआ स्थित घर की भी तलाशी ली. सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई उस पुराने नार्को-टेरर नेटवर्क से जुड़ी जांच का हिस्सा है, जिसमें ड्रग्स की तस्करी के जरिए आतंकियों को फंडिंग किए जाने के सबूत सामने आए थे. इस मामले की जड़ें 2022 की एक बड़ी गिरफ्तारी से जुड़ी हैं. 30 मार्च 2022 को पुलिस ने मोहम्मद शरीफ शाह नाम के एक व्यक्ति को पकड़ा था, जो कश्मीर से जम्मू की ओर 6.9 लाख रुपए की हवाला रकम लेकर जा रहा था. जांच में पता चला कि यह रकम पूर्व मंत्री बाबू सिंह को दी जानी थी. इस पैसे का इस्तेमाल जम्मू में अलगाववादी और देश-विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाना था. पुलिस और ईडी की संयुक्त जांच में खुलासा हुआ कि इस फंडिंग के पीछे एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा था. इस नेटवर्क में जम्मू-कश्मीर के कई लोग शामिल थे, जिनके पाकिस्तान स्थित आतंकियों से सीधे संपर्क थे. जांच में सैफ दीन, फारूक अहमद नैकू, मुबाशिर मुश्ताक फाफू और कई अन्य नाम सामने आए हैं.

### पूर्व मंत्री बाबू सिंह पर आरोप

पूर्व मंत्री बाबू सिंह पर पहले भी हवाला फंडिंग के आरोप लग चुके हैं. पुलिस ने 2022 में उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग से जुड़े आरोप दर्ज किए थे. इस मामले में अब ईडी ने नए सबूतों के आधार पर उनके घर और संबंधित ठिकानों की तलाशी ली है. छापेमारी के दौरान एजेंसी ने कई दस्तावेज, बैंक खातों से जुड़े रिकॉर्ड और डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं. प्रारंभिक जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि ड्रग मनी को वैध व्यापार और चैरिटी संस्थानों के जरिए सफेद किया जा रहा था.


# आयुर्वेद और योग स्वास्थ्य का विज्ञान

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला राजकीय आयुर्वेद कॉलेज पहुंचे

**कोटा, 06 नवम्बर. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि आयुर्वेद और योग केवल चिकित्सा पद्धतियां नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन जीवन-शैली और संतुलित स्वास्थ्य का विज्ञान हैं.**

बिरला और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा गुरुवार को कोटा में तलवंडी स्थित राजकीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया इस अवसर पर आयोजित समारोह में संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि यह संस्थान हाड़ौती क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जहां से निकलने वाले विद्यार्थी समग्र स्वास्थ्य, अनुसंधान और चिकित्सा के क्षेत्र में नई दिशा देंगे.

श्री बिरला ने पूर्व सांसद वैद्य दाऊदयाल जोशी का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने कोटा में आयुर्वेद चिकित्सा की नींव रखी थी, जो अब एक सशक्त शिक्षण और अनुसंधान संस्थान के रूप में विकसित हुई है. उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का नाम उनके नाम पर रखना उनके योगदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी. बिरला ने कहा कि संस्थान में चिकित्सकीय अनुसंधान, हाइड्रोथेरपी, क्रायोथेरपी, मसाज थेरपी जैसी चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा दिया जाएगा.



समारोह में उप मुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि आयुर्वेद जीवन जीने की कला और प्रकृति के साथ संतुलन का विज्ञान है. उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में कोटा को आयुर्वेद और योग के हब के रूप में विकसित किया जाएगा. बैरवा ने कहा कि राजस्थान अब आयुर्वेद और आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य है. राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत 348 करोड़ रुपये की कार्ययोजना स्वीकृत की जा चुकी है. बूंदी में भी आयुर्वेद चिकित्सालय की स्थापना होगी.

# कोर्ट का अब्दुल्ला आजम के खिलाफ प्राथमिकी खारिज करने से इंकार

**नई दिल्ली, 06 नवंबर.** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी नेता आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आज़म खान पर फर्जी दस्तावेजों से पासपोर्ट लेने के मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया. न्यायमूर्ति एम. एम. सुन्दरेश और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्र की खंडपीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि जब मामले का ट्रायल लगभग पूरा हो चुका है, तो इस स्तर पर हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है. बेंच ने कहा, हम दखल देने के इच्छुक नहीं हैं.

# पंजाब में दीं 56 हजार नौकरियां

- अरविन्द केजरीवाल ने तरन-तारन में रोड शो किया

**अमृतसर, 06 नवंबर. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने तरन-तारन में रोड शो किया, जिसमें हजारों की भीड़ उमड़ी.**



जनसैलाब देखकर केजरीवाल ने कहा कि तरन-तारन की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है और अब पंजाब में पार्टी की जीत तय है. उन्होंने हरमीत सिंह संधू को अपना बेटा बताते हुए कहा कि वे ही इस क्षेत्र के सच्चे जनप्रतिनिधि हैं, जबकि बाकी उम्मीदवार 'बाहरी' हैं. केजरीवाल ने दावा किया कि सिर्फ तीन साल में आप सरकार ने पंजाब में 56 हजार नौकरियां दी हैं.

उन्होंने कहा, तरन-तारन की जनता अब तय कर चुकी है कि वो हरमीत सिंह संधू को अपना बेटा और सच्चा प्रतिनिधि मानेगी. हरमीत कोई बाहरी नहीं, यहीं के हैं और यहीं के लोगों के साथ पलकर बड़े हुए हैं. केजरीवाल ने मंच से कई विकास योजनाओं की घोषणा भी की. उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम आने के बाद तरन-तारन में नई सड़कें, फ्लाइओवर और लड़कियों के लिए एक अत्याधुनिक टेक्निकल कॉलेज बनाया जाएगा, ताकि क्षेत्र की बेटियां भी आगे बढ़ सकें.

# मैक्सिको की राष्ट्रपति शीनबाम के साथ छेड़खानी से नाराजगी

**मैक्सिको सिटी, 06 नवंबर.** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम के साथ हुयी छेड़खानी की घटना के सामने आने के बाद देश के लोग बहुत गुस्से में हैं. खुद राष्ट्रपति समेत कई लोगों ने यौन उत्पीड़न पर कठोर सजा का समर्थन किया है. इस मामले में राष्ट्रपति शीनबाम (63) राष्ट्रपति भवन के पास समर्थकों का अभिवादन कर रही थीं तभी एक नशे में धुत व्यक्ति भीड़ से निकलकर उनके पास आया. उसने एक हाथ राष्ट्रपति के कंधे पर हाथ रखा और गलत मंशा से छूने का प्रयास किया. यह घटना कैमरे में कैद हो गयी और जब लोगों ने इसे देखा तो उनका गुस्सा चरम पर पहुंच गया.

## एक नजर में



### फिलीपींस में इमरजेंसी का ऐलान, 140 मरे

**मनीला 06 नवंबर.** फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनैंड रोमुआल्डेज़ मार्कोस ने तूफान काल्मैगी के असर और एक नए आने वाले तूफान की आशंका को देखते हुए गुरूवार को पूरे देश में राष्ट्रीय आपदा की स्थिति घोषित कर दी. स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति मार्कोस ने कहा कि आपदा प्रबंधन परिषद के राष्ट्रीय आपदा लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है. इसमें कहा गया है कि कई क्षेत्रों को काल्मैगी तूफान ने प्रभावित किया है और अब नए आने वाले तूफान फंग-वोंग का संकट है. इसे देखते हुए देश में इमरजेंसी लगाने का फैसला करना पड़ा है. गौरतलब है कि तूफान काल्मैगी इस वर्ष फिलीपींस से टकराने वाला बीसवां तूफान था. यह गुरुवार सुबह देश की सीमा से निकल गया, लेकिन इसके कारण आयी आपदाओं के कारण कम से कम 140 लोगों की मौत हो गई और 127 लोग लापता हैं. परिषद के अनुसार, इस तूफान ने लगभग 19 लाख लोगों को प्रभावित किया है. रिपोर्टों के अनुसार, फिलीपींस अब एक और तूफान का सामना करने की तैयारी कर रहा है, जो आने वाले सप्ताहांत में सुपर टाइफून या चक्रवात का रूप ले सकता है और देश में भारी तबाही मचा सकता है.

### जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में लेफ्ट यूनिटी जीती

**नई दिल्ली, 06 नवंबर.** जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में 2025 के छात्र संघ चुनावों के नतीजे आ गए हैं. इन चुनावों में लेफ्ट यूनिटी ने सभी चार प्रमुख पदों पर शानदार जीत हासिल की है. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव और संयुक्त सचिव - सभी पदों पर लेफ्ट यूनिटी का कब्जा हुआ है. इस जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जेएनयू में वामपंथी विचारधारा का दबदबा कायम है. 9,043 छात्रों के वोट देने के योग्य होने के साथ, 67 प्रतिशत मतदान हुआ, जो छात्रों की राजनीतिक जागरूकता को दर्शाता है. यह नतीजा जेएनयू के राजनीतिक माहौल को एक बार फिर लाल रंग में रंग गया है. लेफ्ट यूनिटी की जीत का अंतर काफी महत्वपूर्ण रहा. अध्यक्ष पद के लिए लेफ्ट यूनिटी की उम्मीदवार अदिति मिश्रा ने 1,861 वोट हासिल किए. उन्होंने एबीवीपी के विकास पटेल को हराया, जिन्हें 1,447 वोट मिले. उपाध्यक्ष पद पर के. गोपिका ने 2,966 वोटों से बड़ी जीत दर्ज की. उन्होंने एबीवीपी की तान्या कुमारी को पीछे छोड़ा, जिन्हें 1,730 वोट मिले. महासचिव पद का मुकाबला काफी कड़ा रहा. सुनील यादव (लेफ्ट) ने एबीवीपी के राजेशवर कांत दुबे को सिर्फ 1,915 के मुकाबले 1,841 वोटों से हराया. संयुक्त सचिव पद पर दानिश अली ने 1,991 वोट प्राप्त कर लेफ्ट यूनिटी की क्लीन स्वीप पूरी की. उन्होंने एबीवीपी के अनुज दमारा को हराया.

### पूर्व छात्र ने दिया 2 करोड़ डॉलर का दान

**हैरिसबर्ग, 06 नवंबर.** अमेरिका में पेंसिल्वेनिया के कार्लिस्ले स्थित डिकिंसन कॉलेज को उसके पूर्व छात्र सैमुअल जी. रोज़ ने क्षेत्र के मूलनिवासियों के इतिहास और संस्कृति पर केंद्रित एक कला एवं शिक्षा केंद्र विकसित करने के लिए 2 करोड़ डॉलर दान किया है. डिकिन्सन कॉलेज के 242 साल के इतिहास में यह सबसे कला क्षेत्र के विकास के लिए मिला सबसे बड़ा दान है. इसके साथ ही रोज की ओर से दिया गया अब कुल दान 10 करोड़ डॉलर हो गया है. इस दान से निवासियों के भविष्य के लिए जिम थॉर्प केंद्र का निर्माण किया जाएगा. शिक्षा एवं कला केंद्र में श्री रोज़ के नाम से एक गैलरी होगी, जिसमें आदिवासी संस्कृति और कला का प्रदर्शन होगा. यह गैलरी कॉलेज के कला संग्रह को और समृद्ध करेगी तथा उसके शैक्षणिक कार्यक्रमों को बेहतर बनाएगी. शिक्षा केंद्र में सेंटर फॉर द फ्यूचर्स ऑफ नेटिव पीपल्स भी होगा.

### वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का पहला चरण समाप्त

**नई दिल्ली, 06 नवंबर.** कांग्रेस ने कहा है कि चुनावी प्रक्रिया में जवाबदेही, पारदर्शिता और नागरिकों की विश्वास बहाली के लिए उसका वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का पहला चरण आठ नवंबर को विशेष कार्यक्रम के साथ समाप्त कर दिया जाएगा. कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान 22 अगस्त से शुरु हुआ और इसके तहत सात सितंबर तक राज्य मुख्यालयों में रैलियां आयोजित की गई. फिर 15 सितंबर से जिलों, ब्लॉकों तथा मंडलों में इससे जुड़े कार्यक्रम हुए जिनमें लाखों लोग शामिल हुए.

# आज स्मरणोत्सव का उद्घाटन करेंगे मोदी

- स्मारक डाक टिकट और सिक्का होगा जारी
- कालातीत रचना के 150 वर्ष पूरे होने का मनेगा जश्न

**नई दिल्ली 06 नवम्बर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर साल भर चलने वाले स्मरणोत्सव का शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में उद्घाटन करेंगे.**



प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे. यह कार्यक्रम एक वर्ष तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का औपचारिक शुभारंभ है. स्मरणोत्सव में स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित करने तथा राष्ट्रीय गौरव एवं एकता का अलख जगाने वाली इस कालातीत रचना के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा. उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले महीने ही वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर को मनाने के लिए इस कार्यक्रम को मंजूरी दी थी.

### कल 4 नई वंदे भारत को दिखाएंगे हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ नवंबर को चार नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि ये नयी ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ फिरोजपुर दिल्ली और एर्नाकुलम बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी. पीएम मोदी शनिवार सुबह वाराणसी में एक समारोह के दौरान वाराणसी-खजुराहो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे. अन्य तीन ट्रेनों को वह वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. ट्रेनों से प्रमुख शहरों के बीच यात्रा में लगने वाला समय कम होगा.

## आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1862 | मुग़ल सल्तनत के अंतिम शासक बहादुर शाह द्वितीय की रंगून में मौत। |
| 1858 | स्वतन्त्रता सेनानी, शिक्षक, पत्रकार, लेखक बिपिन चन्द्र पाल का जन्म |
| 1876 | बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने बंगाल के कांतल पाडा नामक गाँव में वन्दे मातरम् गीत की रचना की थी। |
| 1917 | रूस में सफल बोल्शेविक क्रांति। |
| 1951 | जार्डन में संविधान पारित किया गया। |
| 1954 | सुपर स्टार भारतीय अभिनेता कमल हासन |



# दक्षिण कोरिया को पसंद हैं विदेशी दामाद और दुल्हनें

- लगातार तीसरे साल विदेशियों से विवाह के मामले बढ़े

**सोल, 06 नवम्बर. दक्षिण कोरिया में बहुसांस्कृतिक विवाहों की संख्या लगातार तीसरे वर्ष बढ़ी है.**

सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से दक्षिण कोरियाई पुरुषों और विदेशी दुल्हनों के बीच होने वाले विवाहों की वजह से दर्ज की गयी है. आंकड़ों के अनुसार 2024 में दक्षिण कोरिया के नागरिकों और विदेशी जीवनसाथियों के बीच कुल 21,450 विवाह हुए. यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में पांच फीसदी अधिक है. इन विवाहों में से ज़्यादातर मामलों में दक्षिण कोरियाई पुरुषों ने विदेशी महिलाओं से शादी की. पुरुषों की विदेशी महिलाओं से शादी करने का प्रतिशत 71.2 रहा, जबकि विदेशी पुरुषों से दक्षिण कोरियाई महिलाओं के बीच हुए विवाह का प्रतिशत 18.2 रहा. वहीं 10.6 प्रतिशत विवाह ऐसे थे, जिनमें जीवनसाथी पहले किसी दूसरे देश के नागरिक थे, लेकिन अब दक्षिण कोरिया की नागरिकता ले चुके हैं. इससे स्पष्ट होता है कि कोरियाई युवा पुरुषों को विदेशी महिलाओं से शादी करने में गुरेज कम है.

### विदेशी दामाद व बहू वाले परिवारों में तलाक की दर घट

दक्षिण कोरियाई महिलाओं से विवाह करने वाले विदेशी पुरुषों में अमेरिकी 7.0 प्रतिशत, चीनी 6.0 प्रतिशत और वियतनामी 3.6 प्रतिशत रहे. रोचक बात यह है कि विदेशी दामाद और बहू वाले परिवारों में तलाक की दर भी घट रही है. साल 2024 में बहुसांस्कृतिक जोड़ों में तलाक की संख्या में दो प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी. दिलचस्प रूप से, अंतरराष्ट्रीय जोड़ों से जन्मे बच्चों की संख्या 10.4 प्रतिशत बढ़कर 13,416 हो गयी, जो 2012 के बाद पहली बार वृद्धि दर्शाती है. यह आंकड़े दिखाते हैं कि दक्षिण कोरिया जैसे सामाजिक मामलों में कठोरता से जीवन जीने में विश्वास रखने वाले देश में वैश्वीकरण और सांस्कृतिक विविधता धीरे-धीरे समाज में अपनी जगह बना रही है, विशेषकर विवाह और पारिवारिक जीवन के स्तर पर.

# ट्रंप ने ममदानी का उड़ाया मजाक, कहा- जो भी उनका नाम


**न्यूयॉर्क/मियामी.** अमेरिकी राष्ट्रपति ने न्यूयॉर्क के नवनिर्वाचित मेयर को 'गुस्से वाला भाषण देने वाला' बताया और चेताया कि उनकी जीत शहर के लिए भयानक परिणाम ला सकती है. फ्लोरिडा के मियामी में आयोजित एक कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क सिटी के नए मेयर जोहरान ममदानी का मजाक उड़ाया. उन्होंने ममदानी के विजयी भाषण को बहुत गुस्से वाला बताया और कहा कि उनकी जीत न्यूयॉर्क के लिए भयानक परिणाम ला सकती है. ट्रंप ने ममदानी का नाम लेकर संबोधन नहीं किया, बल्कि कहा जो भी उनका नाम है.

# बांग्लादेश में जाकिर के प्रवेश पर रोक

### देश में आगामी चुनावों को लेकर लिया गया फैसला

**ढाका, 06 नवंबर. बांग्लादेश सरकार ने इस्लाम प्रचारक जाकिर नाइक के उनके देश में प्रवेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है. देश की कानून व्यवस्था कोर कमेटी के निर्णय के बाद यह प्रतिबंध लगाया गया है.**

अधिकारियों को इस बात की चिंता थी कि आगामी चुनावों से पहले जाकिर नाइक का देश में दौरा खतरनाक हो सकता है. गौरतलब है कि ढाका में 2016 में होली आर्टिसन बेकरी हमले के बाद, नाइक को भारत में भगोड़ा कर दिया गया है. इस हमले का कारण हिंसा को बढ़ावा देने वाले उसके चरमपंथी उपदेशों को माना गया था. नाइक गिरफ्तारी से पहले ही मलेशिया भाग गया था, जहाँ उसे स्थायी निवास प्रदान किया गया है. भारत के अलावा, नाइक पर ब्रिटेन, कनाडा और श्रीलंका में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. बंगलादेश ने भी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल में उसके प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया था.



अधिकारियों के मुताबिक नाइक कि इस यात्रा में भारी भीड़ आने की संभावना है, जिसके कारण भीड़ नियंत्रण के लिए बड़े पैमाने पर पुलिस बल तैनात करने की आवश्यकता होगी. यह संभव नहीं था, क्योंकि देश में अगले साल होने वाले हैं. कोर समिति की बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे कार्यक्रम के आयोजकों से बातचीत करें. अधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि चुनावों से पहले ऐसी किसी व्यक्ति की मेज़बानी देश के पहले से ही अस्थिर सामाजिक-राजनीतिक ताने-बाने को और अस्थिर कर

# अमेठी में पत्नी की मौत के बाद पति ने दे दी जान

**अमेठी 06 नवंबर. उत्तर प्रदेश में अमेठी के जायस क्षेत्र में बुधवार को गर्भवती पत्नी की मौत के वियोग में पति की हृदय गति रुक जाने से मृत्यु हो गई. अब पति और पत्नी की एक साथ अर्थी उठेगी.**

एक वर्ष पूर्व ही दोनों का विवाह हुआ था. जानकारी के अनुसार जिले के जायस थाना क्षेत्र के मोहल्ला निखई निवासी 20 वर्षीय ज्योति गर्भवती थी. मंगलवार दोपहर बाद ज्योति को प्रसव पीड़ा हुई. परिजनों उन्हें तत्काल संयुक्त जिला अस्पताल गौरीगंज में इलाज के लिये भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने इलाज के बाद हालात नाजुक देख कर युवती को एम्स रायबरेली रेफर कर दिया. जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने ज्योति को मृत घोषित कर दिया. बुधवार दोपहर बाद ज्योति के पति आकाश (22) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. मृतक के पिता सत्य प्रकाश और भाई अनिल ने बताया कि आकाश अपनी पत्नी की मौत के बाद से सदमे में थे. उनकी मौत हृदयगति रुकने से हुई है. आकाश पांच भाई-बहनों में चौथे नंबर पर थे. नगर की एक दुकान पर काम करते थे. उनका विवाह पिछले वर्ष हुआ था. पति-पत्नी की एक साथ हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड टूट पडा है. मृतक की मां तारावती का रो-रोकर बुरा हाल है.

वार्ता | मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कतर में आयोजित विश्व शिखर सम्मेलन में कहा

# भारत ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

**नई दिल्ली, 6 नवंबर. भारत की गरीबी उन्मूलन और सामाजिक सुरक्षा की यात्रा को दुनिया के सामने रखते हुए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कतर के दोहा में आयोजित दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन ऑन सोशल डेवलपमेंट में भारत के समावेशी विकास मॉडल को प्रमुखता से प्रस्तुत किया.**



डॉ. मंडाविया ने नीति आयोग द्वारा आयोजित सत्र गरीबी से मुक्ति के मार्ग अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने में भारत का अनुभव में बताया कि भारत ने अब तक 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है और 64 प्रतिशत से अधिक आबादी को सामाजिक सुरक्षा कवरेज में शामिल किया है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला और बाल कल्याण भारत की नीतियों का केंद्र बना है. देशभर में 11.8 करोड़ बच्चे मिड-डे मील योजना से लाभान्वित हो रहे हैं और लाखों महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के जरिये उद्यमिता को बढ़ा रही हैं। दोहा में आयोजित दूसरे में भारत ने वैश्विक स्तर पर सामाजिक प्रगति और कल्याणकारी नीतियों का उल्लेख किया.

मंडाविया ने कहा कि भारत की डिजिटल क्राांति ने लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं की पारदर्शी और तेज डिलीवरी सुनिश्चित की है. उन्होंने बताया कि कौशल भारत मिशन के तहत अब तक 1.4 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया है, जबकि नई प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना से 3.5 करोड़ नई नौकरियां सृजित होने का लक्ष्य है. मंडाविया ने कहा 2017 से 2023 के बीच भारत में 17 करोड़ से अधिक नौकरियां बनीं और महिलाओं की कार्यबल भागीदारी दोगुनी हुई है.